सार-समाचार

बयाना में बंदरों का आतंक, भय के साये में जी रहे ग्रामीण

बयाना भरतपुर (निस)। बयाना उप खण्ड क्षेत्र के गांव ब्रह्मवाद में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते मात्र दो दिनों के भीतर गांव में करीब दो दर्जन ग्रामीणों को बंदरों ने काटकर घायल कर दिया, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीण अपने घरों से निकलने में भी भय महसूस कर रहे हैं। लोगों को बंदरों ने काफी बार काटकर घायल कर दिया। लगातार हो रही घटनाओं से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा दहशत में हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर संबंधित विभाग और प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बंदरों की बढ़ती संख्या और आक्रामक व्यवहार से ग्रामीणों की जान पर बन आई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल बंदरों को पकड़वाने, वन विभाग की टीम भेजने और स्थायी समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

नववर्ष के पहले दिन बारिश ने बढ़ाई ठंड, जनजीवन प्रभावित

बयाना भरतपुर (निस)। नववर्ष के पहले ही दिन गुरुवार सुबह से क्षेत्र में हल्की हल्की बारिश का दौर जारी रहा, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को जबरदस्त ठंड का एहसास हुआ। दिन का अधिकतम तापमान करीब 16 डिग्री सेल्सियस तक रहा, वहीं रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में घना कोहरा छाए रहने के साथ सर्दी और बढ़ सकती है। बारिश और ठंड का सीधा असर बयाना के बाजारों पर भी देखने को मिला। गुरुवार, एक जनवरी को दिनभर बाजार सुनसान नजर आए। लोग ठंड और बारिश के कारण खरीदारी के लिए घरों से बाहर नहीं निकले। हल्की बारिश से पूरे बाजार क्षेत्र में कीचड़ फैल गई, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। इस मौसम का प्रभाव पशु, पक्षियों एवं मवेशियों पर भी पड़ा है। ठंड और नमी के कारण पशुपालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। वहीं बढ़ती सर्दी से आमजन की सेहत पर भी असर देखने को मिल रहा है। अस्पतालों और चिकित्सकों के अनुसार सर्दी के कारण लोगों में जुकाम, खांसी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। चिकित्सकों ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित।

भुसावर भरतपुर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर नववर्ष के उपलक्ष में नवागुन्तक विद्यार्थियों का तिलक लगाकर तथा कलाई में धागा बांधकर स्वागत किया तथा आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने नववर्ष वर्ष 2026 की शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का विकास विद्यार्थियों के विकास में निहित है। अल्प समय में महाविद्यालय का यथेष्ठ विकास हुआ है, वर्तमान में यहां आला दर्जे के कक्षा-कक्ष प्रयोगशालायें, पुस्तकालय, मेडीकल रूम, खेल एवं सांस्कृतिक सुविधाऐं, लैण्डस्केप सहित विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की सभी सुविधाऐ उपलब्ध हैं। डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि यहां से डिग्री प्राप्त विद्यार्थियों के जेआरएफ, क्यूट सहित तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम रहे हैं। आमुखीकरण कार्यशाला में डॉ. राहुल कुमार ने महाविद्यालय के सामान्य नियम, एंटीरैगिंग, स्कॉलरशिप, ड्रेस कोड व परीक्षा संबंधी जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की। डॉ. एस.एल. यादव ने पुस्तकालय, डॉ. मोहित कुमार ने एन.एस.एस. व स्पोर्टस तथा भानुप्रिया पंकज ने छात्रावासों की नियमावली प्रस्तुत की। कार्यक्रम में डॉ. आकाश तंवर, गीता गवारिया, प्रेम कुमारी, राहुल मीणा, राजेंद्र सिंह, दीपक मीणा सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ओल्ड इज गोल्ड संस्था द्वारा नववर्ष-2026 मिलन समारोह मनाया गया

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय ओल्ड एज गोल्ड संस्था द्वारा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. जीवनलाल शर्मा के नेतृत्व में सुबह विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में नववर्ष-2026 मिलन समारोह मनाया गया तथा संभाग अध्यक्ष बनय सिंह धावई द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. जीवनलाल शर्मा की अनुशंषा पर संभाग कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संभाग कार्यकारिणी में संभाग अध्यक्ष बनय सिंह धावई, उपाध्यक्ष डॉ. रवि अरोडा, रमेश चंद श्रीवास्तव, महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष खैमचंद सक्सैना, संयुक्त मंत्री दुलीचंद मीणा, कार्यालय मंत्री नबाव सिंह, सांस्कृतिक मंत्री योगेशचंद गुप्ता, तथा कार्यकारिणी सदस्यों में पूरन सिंह फौजदार, उदयभान सिंह, रोशन सिंह, सज्जन सिंह, जुगराज सिंह, सत्तो व अरविन्द सोंखिया को मनोनीत किया गया है। नव वर्ष के उपलक्ष्य में गीत व गजल का कार्यक्रम हुआ व सभी को मिठाई वितरित की गई। इं. जीवनलाल शर्मा द्वारा कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को माला व दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया गया व शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, जिला महामंत्री राकेश अग्रवाल, डॉ. हरिओम शर्मा, शिवदयाल गुप्ता, प्रदीप कुमार शर्मा, रमेश श्रीवास्तव, दिनेश शर्मा व्याख्याता, राजाराम फौजदार, जगदीश गुप्ता, भारत शर्मा, महेन्द्र फौजदार, सुरेन्द्र डंडौतिया, मेवाराम चौधरी, विनोद अग्रवाल, भगवान सिंह फौजदार, रोशन सिंह, मुकेश गुप्ता, ब्रजभूषण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

समृद्ध भारत अभियान का नववर्ष पर सराहनीय प्रयास

भरतपुर (निस)। सर्दी, गर्मी, बरसात अथवा किसी भी प्रकार की परिस्थितियाँ हो, अलसुबह समाचार आपके द्वार पहुँचाने वाले समाचार पत्र वितरक अपनी जिम्मेदारी निभाता है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले न्यूजपेपर योद्धाओं का समृद्ध भारत अभियान संस्था की ओर से गुरुवार को भूरी सिंह व्यायामशाला पर माल्यार्पण कर और सर्दी से बचाव के लिए जैकेट उपलब्ध कराकर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने की तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में सेवर पंचायत समिति के विकास अधिकारी विनय मित्र, वरिष्ट पत्रकार मेघश्याम पाराशर, विद्युत निगम के पूर्व अधीक्षण अभियंता हेमराज गोयल, कुम्हेर के सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी उपस्थित थे। समारोह में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने सभी समाचार पत्र वितरकों को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि वे विपरीत परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर समाज को नई राह दिखाने के कार्य में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके श्रम, ईमानदारी, समय पालन व सेवाभाव का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि समाचार पत्र वितरकों के बच्चों की शिक्षा एवं पूरे परिवार के स्वास्थ्य जांच के लिए संस्था कार्य करेगी। कार्यक्रम में विकास अधिकारी विनय मित्र ने कहा कि समाचार पत्र वितरकों को उपलब्ध कराई गई जैकेट से सर्दी का बचाव होगा, साथ ही नववर्ष पर किए गए सम्मान से उन्हें आगे बढ़ने का हौसला मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे उनमें सकारात्मक सोच, आपसी सहयोग और श्रम के प्रति सम्मान की भावना को मजबूती मिलेगी।

पश्चिम मध्य रेल

कार्यालय मण्डल रेल प्रबंधक, कोटा

आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अधिसूचना

दिनांक:29.12.2025

संख्या-C-548/4/4/ATVM Facilitator Vol-V

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, प.म.रे. कोटा द्वारा निम्न कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **आवेदन अधिसूचना सं.**-सी-548/30/ATVM/2025, **कार्य का नाम**-रेलवे के ग्रुप 'सी' एवं 'डी' सेवानिवृत्त कर्मचारियों से 3% बोनस आधार पर टिकट वितरण का कार्य करने के लिए एटीवीएम मददगार की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय**-17.01.2026 को 17.00 बजे तक, **आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय**-18.01.2026 को 13.00 बजे तक, **आवेदन पत्र खुलने की तिथि एवं समय**-18.01.2026 को 16.00 बजे। आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तो को वेबसाईट www.wcr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

(हस्ता.)

वरि.मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

दस दिवसीय क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का समापन

भरतपुर (निस)। आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र बैलारा कलां में आयोजित दस दिवसीय आवासीय निशुल्क आयुर्वेद क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का समापन हुआ।

समापन कार्यक्रम मुख्य अतिथि विभाग संघ चालक भागीरथ सिंह अध्यक्षता अतिरिक्त निदेशक डॉ सतीश लवानिया विशिष्ट अतिथि पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ सुशील पाराशर पूर्व उपनिदेशक डॉ सतीश पाराशर पूर्व रसायन शाला प्रबंधक डॉ गिरीश शर्मा पूर्व उपनिदेशक डॉ प्रताप सिंह डॉ धनेश शर्मा डॉ मिथलेश कुमार उपनिदेशक डॉ साधुराम शर्मा सहायक निदेशक डॉ प्रेम सिंह कुम्हेर डीग सहायक निदेशक डॉ राजेश जांगिड़ प्रशिक्षण केन्द्र के प्रोजेक्टर संदीप कटारा की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना द्वारा किया गया।इस अवसर पर दस दिवसीय निशुल्क आवासीय शल्य चिकित्सा शिविर की प्रगति रिपोर्ट शिविर प्रभारी डॉ हरदेव तराना द्वारा विस्तृत रूप से बताईं गईं।

उन्होंने बताया कि शिविर में भर्ती कर 96 रोगियों का क्षार सूत्र विधि से ओप्रेशन किए गए एवं विभिन्न रोगों से पीड़ित 3412 रोगियों को नि:शुल्क परामर्श कर औषधि उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर अतिथि भागीरथ सिंह द्वारा चिकित्सा सेवा से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों को रोगियों की निस्वार्थ भाव से सेवा और सम्मान करने की सलाह दी।

उन्होंने आमजन को आयुर्वेद के अनुसार जीवनशैली एवं खान-पान को अपनाते हुए नियमित रूप से योग-व्यायाम करने की बात कही। इस अवसर पर शल्य चिकित्सा टीम के सभी अधिकारी कर्मचारियों एवं शिविर में सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सकों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

शिविर में आए रोगियों ने अपने अनुभव बताते हुए शिविर में सेवाएं प्रदान करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को अपनी तरफ से शौल उड़ाकर सम्मान दिया गया।

संभागीय समन्वयक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में संचालित सेवा प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई एवं कार्यक्रम का संचालन किया गया।

इस अवसर पर शल्य चिकित्सक डॉ मोहन स्वरूप शर्मा डॉ नरेश गोपाल वार्ष्णेय डॉ बालमुकुंद द्वारा अर्श भगंदर परिकर्तिका आदि एनोरेक्टल डिजीज से बचाव एवं चिकित्सा में फायदेमंद खान-पान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर डॉ महेश लवानिया डॉ सुभाष शर्मा डॉ जयनारायण सिंह डॉ नरेन्द्र पाराशर सहित आयुर्वेद विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।अंत में सभी का आभार व्यक्त अतिरिक्त निदेशक डॉ सतीश लवानिया द्वारा किया गया। शिविर मेंघ भर्ती कर ओप्रेशन किए गए सभी रोगियों को 10 दिन की दवा घर के लिए देकर खान-पान की उचित सलाह दी गई।

धार्मिक-आध्यात्मिक शीतकालीन शिक्षण शिविर का समापन

गंगापुर सिटी। महावीर भवन स्थानक, बालाजी चौक के सामने 26 दिसंबर से चल रहे धार्मिक-आध्यात्मिक शीतकालीन शिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह में समाज के अजीत जैन मुख्य अतिथी के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शिविर की सराहना करते हुए इसे बच्चों में संस्कार निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए। शिक्षण कार्य में योगदान देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान बच्चों को नवकार मंत्र, तीखत्तो और सामायिक पाङ्ग सिखाए गए। उन्हें संत-सतियों से जुड़ी आवश्यक जानकारी, उनके नाम और उपयोग में आने वाले उपकरणों के नाम भी कंङ्गस्थ कराए गए। धर्म और अध्यात्म से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी बच्चों को सरल तरीके से जानकारी प्रदान की गई। आयोजकों ने बताया कि बच्चों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ शिविर में भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में धार्मिक संस्कार, नैतिक मूल्य और अनुशासन की भावना विकसित करना था।

लक्ष्मी माता की सहस्त्रनाम पूजा अर्चना की

भरतपुर (निस)। खिरनीघाट स्थित प्राचीन मंदिर श्री अग्रेश्वर महादेव पर पोष मास के चतुर्थ गुरूवार को महा लक्ष्मी जी के श्री विग्रह की मुद्रा पूजा, न्यास विनियोग दिव्य पूजा अर्चना एवं रूद्राभिषेक कर षोडशोभचार पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ में वेद मंत्रों द्वारा आहूतियों दी गयीं। मंत्री विष्णु लोहिया एवं मंदिर संयोजक विनोद कुमार मेडीकल ने बताया कि मंदिर में अनेक देवी देवताओं के श्री विग्रह के साथ माता लक्ष्मी का भी दिव्य व अत्यन्त मनमोहक श्री विग्रह प्रतिष्ठित है, जिनकी पूजा अर्चना महंत पंडित प्रेमी शर्मा एवं वेदप्रकाश शर्मा ने प्रात: 9.15 पर शुरू कराई। कार्यक्रम अर्न्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग भरतपुर, जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सीए.अतुल मित्तल, श्री अग्रवाल सभा अध्यक्ष सीए. एम.एल.मित्तल, रेडक्रॉस सोसायटी के सरंक्षक ई.एस.एन.अग्रवाल एवं मंदिर ओकरिश्वर महादेव के अध्यक्ष महेश गोयल सर्राफ के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

निर्धनों को धनवान बनाने वाली लक्ष्मी माता की षोडशोभचार पूजा अर्चना कर फल, मिष्ठान, वस्त्र, शॉल, श्रंगार का सामान अर्जन कर आभूषण एवं फूल मालाओं से श्रृंगार किया गया। महालक्ष्मी सहस्त्र नाम से आराधना कर विशेष आहूतियां दी गयीं। कमल गठ्ठा, सूखे वेलपत्र, तिल, जौ, चावल, पंच मेवा, चन्दन चूरा व रोग दोष मिटाने वाली औषधियों से घी व हवन सामग्री से आहूतियां दी गयीं, पूर्ण आहूति मोती गोला में रखकर दी गयीं।

नववर्ष के उपलक्ष्य में दाल के मंगौड़े जिनको इक्कीस प्रकार के मसाले एवं अन्य औषधि मिलाकर तैयार कराये गये एवं मेवा मिश्रित हलुआ, खिचड़ी, तिल गजक, रेबड़ी का भोग लगाकर भक्तगणों को वितरित की गयी। पोषवड़ा कार्यक्रम में महेश गोयल सर्राफ का विशेष सहयोग रहा।

इस मौके पर अग्रवाल भवन समिति के सुरेश बंसल, मोहन मित्तल, डा0 डी.डी. गोयल, रामलीला समिति अध्यक्ष बृजेश कौशिक, हरिओम गोयल, गोपाल चन्द सिंघल, सर्वेअर परषोत्तम डीगिया, आलोक बंसल, हीरादास इकाई अध्यक्ष जीतेन्द्र अग्रवाल, विष्णु लोहिया मंत्री, शिखेश गुप्ता, अमर चन्द जिंदल आदि बड़ी संख्या में गणमान्य बंधु महिलाऐं एवं पुरूष मौजूद रहे।

मंदिरो में उमडी श्रद्धालुओ की भीड़

गंगापुर सिटी। नववर्ष के पहले दिन गुरुवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अलसुबह से ही हजारों भक्त दर्शन के लिए कतारों में खड़े नजर आए। उन्होंने भगवान के दर्शन कर परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर परिसर जयकारों, घंटियों और शंखनाद से गूंज उठ्ठे, जिससे भक्तिमय माहौल बन गया। नववर्ष के अवसर पर नहर रोड स्थित कुशलगढ़ के बाबा खाटू श्याम जी मंदिर, श्री कल्याण जी महाराज मंदिर, बालाजी चौक स्थित मंदिर, गोपीनाथ जी मंदिर, सवाई माधोपुर रोड पर उघाड़मल बालाजी मंदिर, ट्रक यूनियन के गणेश जी मंदिर, पुरानी अनाज मंडी के सीताराम जी मंदिर, उदेई मोड़ नई अनाज मंडी के हनुमान जी मंदिर और सालौदा स्थित कैला देवी मंदिर में विशेष रूप से भीड़ देखी गई।

सार-समाचार

मावठ से किसानो के खिले चेहरे

गंगापुर सिटी । नववर्ष के पहले दिन गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। गुरुवार को अलसुबह से ही शहर और ग्रामीण इलाकों में हल्की बूंदाबांदी (मावठ) शुरू हो गई, जो रुक-रुककर जारी रही। इसके साथ ही घना कोहरा छा गया, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। सुबह जब लोगों की नींद खुली तो चारों ओर कोहरे की घनी चादर बिछी थी। दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। सड़कों पर आवाजाही भी सामान्य से कम रही। मावठ और सर्द हवाओं के चलते ठंड का असर और तेज हो गया। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। लगातार चल रही ठंडी हवाओं ने गलन और ठिठुरन बढ़ा दी। सम्पूर्ण उपखण्ड क्षैत्र में ठंड का प्रभाव अधिक रहा, जहां लोग दिनभर गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। कड़ाके की सर्दी के कारण लोग देर तक घरों से बाहर नहीं निकले, वहीं बाजार भी रोजाना की तुलना में देरी से खुले। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतते हुए घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। वहीं मावठ को किसानों के लिए लाभकारी माना जा रहा है। गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे रबी फसलों की बेहतर ग्रोथ की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि इससे सिंचाई की आवश्यकता कम पड़ेगी और उत्पादन में भी वृद्धि हो सकती है। नववर्ष की शुरुआत गंगापुर सिटी में ठंड, कोहरे और मावठ के साथ हुई, जिसने पूरे मौसम का मिजाज बदल दिया।

पोस्टर व टीशर्ट का विमोचन

गंगापुर सिटी । पीयूष जीपीएल 10 का ड्रेस और पोस्टर विमोचन कार्यक्रम दिशा क्रिकेट क्लब के चेयरमैन शिवरत्न अग्रवाल के निज निवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी टीमों के ऑनर ने अपनी टीम की ड्रेस का विमोचन करते हुए नई दिशा सोसायटी द्वारा आयोजित किए जा रहे जीपीएल टूर्नामेंट के माध्यम से क्रिकेट को जारी रखने पर खुशी व्यक्त की। संयोजक कपिल गौतम ने बताया कि 3 जनवरी को जीपीएल 10 का आगाज किया जाएगा जिसमें 6 टीमें भाग ले रही है। एफसीए डॉमिनेटरस के टीम मालिक अमित चौधरी, आलोक मालधनी, डॉ क्षितिज गुप्ता, हेमेंद्र तिवारी, जीजीसी रॉयल रेंजर के टीम मालिक रवि पुजारी, विक्की गुप्ता, चीनू भारद्वाज, ओप्पो मास्टर ब्लास्टर के टीम मालिक आदित्य भारद्वाज, अरविंद भारद्वाज, जीजीसी हंटर्स के टीम मालिक सुरेंद्र मित्तल, साजिद खान, गणेश सोनी, लाला प्रॉपर्टी, रोहित जैमिनी, एसवीपीएस इलेवन के टीम मालिक रोहित त्रिवेदी, डीएस साइंस एकेडमी के टीम मालिक डॉ उमेश शर्मा है। साथ ही टूर्नामेंट के कैच ऑफ द मैच, बॉलर ऑफ द मैच के स्पॉन्सर सीपी हॉस्पिटल, सिक्स ऑफ द मैच के एचडीएफसी बैक शाखा स्टेशन रोड, मैन ऑफ द मैच बीएस बैट्री, मैन ऑफ द सीरीज स्पॉन्सर स्वामी ग्रुप, पर्पल कैप ओम मेडिकल, ऑरेंज कैप दिलीप तलावड़ा एवं टूर्नामेंट के मुख्य स्पॉन्सर पीयूष न्यूरो एंड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल डॉ योगेश गुप्ता है।

सिक्किम के राज्यपाल माथुर का स्वागत

गंगापुर सिटी । सिक्किम के राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ङ्ग नेता ओमप्रकाश माथुर के कैलादेवी जाते समय गंगापुर सिटी में नागरिक अभिनंदन किया गया। वे धार्मिक नगरी करौली में मदनमोहनजी मंदिर व कैलादेवी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के निवास पर शहर के सामाजिक, व्यापारिक संगङ्गनों तथा भाजपा के चारों मंडलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका भाव भरा स्वागत किया। माथुर ने अपने संबोधन में कहा कि गंगापुर सिटी उनके प्रारंभिक राजनीतिक कार्यक्षेत्र का अहम हिस्सा रहा है। उन्होंने पुराने नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बाइक व दुपहिया वाहनों से किए गए संघर्षपूर्ण राजनीति के दिनों को याद किया। उन्होंने सभी संगठनों और कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत-सत्कार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि गंगापुर क्षेत्र से राजनीतिक जीवन में गहरा लगाव रहा है। व्यापार मंडल समिति, ब्राह्मण समाज, विप्र फाउंडेशन जोन एक-डी, श्याम परिवार, अग्रवाल समाज, भाजपा महिला मोर्चा सहित अनेक संगठनों ने राज्यपाल का अभिनंदन किया।

बयाना के लालदरवाजा आरओबी की सर्विस रोड लोगों के लिए बनी सिरदर्द

बयाना भरतपुर (निस)। कस्बे के लालदरवाजा स्थित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के दोनों ओर बनाई जा रही सर्विस रोड फिलहाल आमजन के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सर्विस रोड निर्माण कार्य शुरू हुए करीब एक माह बीत चुका है, लेकिन अभी तक पक्की सड़क नहीं बनने से राहगीरों और दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के तहत जेसीबी की मदद से रास्ते की सफाई कर मिट्टी डाली गई थी। इस कच्ची और भुरभुरी मिट्टी पर वाहन चलाने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहे हैं। खासकर मोटरसाइकिल सवार इस मिट्टी में फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। वहीं, सड़क किनारे स्थित दुकानदारों का कहना है कि धूल और दुर्घटनाओं के कारण ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में जब लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सहायक अभियंता (एईएन) रामअवतार गुर्जर से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि सर्विस रोड के अंदर कई स्थानों पर बिजली के पोल आ रहे हैं, जिन्हें दूसरी जगह शिफ्ट करना जरूरी है। इसके लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है। उन्होंने बताया कि आने वाले रविवार को बिजली विभाग के कर्मचारी पोल शिफ्टिंग का कार्य करेंगे, जिसके बाद सर्विस रोड निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराया जाएगा। गौरतलब है कि दोनों ओर की इस सर्विस रोड का निर्माण करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है।

इसके बन जाने से बयाना क्षेत्र सहित आसपास के 100 से अधिक गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। फिलहाल स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी से मांग की है कि सड़क पर डाली गई मिट्टी को समतल कर अस्थायी रूप से सुरक्षित बनाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

बेढम में शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

- मंत्री बेढ़म का आत्मीय अंदाज बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर लिया आशीर्वाद, खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर खुद भी आजमाया हाथ

डीग भरतपुर (निस)। महाराजा सूरजमल और वीर गोकुला जाट का जीवन हमें स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा देता है। युवा पीढ़ी को आभासी दुनिया के मोहपाश से मुक्त होकर यथार्थ के धरातल पर संघर्ष करना सीखना होगा यह बात नव वर्ष पर डीग जिले के बृज नगर विधानसभा क्षेत्र के गांव बेढम वीर गोकुला जाट और अजेय लोह पुरुष महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के उपलक्ष में आयोजित 64वीं अखिल भारतीय शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने जा कही।

उन्होंने कहा कि युवा खेल के मैदान में अनुशासन सीख लेता है, वही आगे चलकर एक सशक्त और विकसित भारत की नींव रखता है।

सामूहिक शक्ति व भाईचारे का प्रमाण

बेढम के निवासियों की सराहना करते हुए कहा कि 64 वर्षों से इस प्रतियोगिता को अनवरत जारी रखना ग्रामवासियों की सामूहिक शक्ति और भाईचारे का प्रमाण है। यह केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत है जो पीढ़ियों को जोड़ती है।

समारोह के दौरान गृह राज्य मंत्री बेढम का बेहद सरल रूप देखने को मिला। मंत्री पद के प्रोटोकॉल को दरकिनार करते हुए वे सीधे गांव के बुजुर्गों के बीच पहुंचे और आत्मीयता से उनके गले मिले।

उन्होंने बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि गांव के बुजुर्गों का आशीर्वाद ही उनकी असली ताकत है।

इससे पूर्व, गृह राज्य मंत्री बेढम ने महाराजा सूरजमल और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी, पुलिस-प्रशासन के अधिकारी और आसपास के गांवों से आए हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने मंत्री बेढम के उद्बोधन का करतल ध्वनि से स्वागत किया।

अरुण चतुर्वेदी का भुसावर में स्वागत

भुसावर भरतपुर (निस)। राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी के भुसावर पहुँचने पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष धीरज पाण्डेय ने बताया कि राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी झील का बाडा बयाना देवी माता दर्शन करने के बाद जयपुर जाते समय भुसावर पहुँचे। जहां भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा माला एवं साफा पहनाकर उनका स्वागत सम्मान करते हुए नवबर्ष को लेकर शुभकामनाएं दी और क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत करवाया।

सुनिश्चित कीजिए उनकी मुस्कुराहट
प्लस सुरक्षा
एलआईसी का
प्रोटेक्शन प्लस
पेश है
विशेषताएँ:
आपकी आवश्यकताओं के अनुसार अनेक निवेश फंड विकल्प उपलब्ध
अपनी जोखिम बीमा-सुरक्षा बढ़ाएँ, टॉप अप प्रीमियम भुगतानों के साथ
आयु एवं अवधि के अनुसार उच्च बीमा राशि चुनने का विकल्प
5 वर्ष बाद आंशिक निकासी की अनुमति
प्लान सं.: 886 यूआईएन: 512L361V01
एक नॉन-पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत प्लान
ऑनलाइन भी उपलब्ध
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090
कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें
विज़िट करें: www.licindia.in
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever
IRDAI Regn No.: 512
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2025-26 /20/Hin
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्सभिन्न होते हैं पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा प्रोटेक्